**Need to review damage caused by floods in Shahjahanpur, Uttar Pradesh**

श्री अरुण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं ।? (व्यवधान)

मान्यवर, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर में गर्रा, खन्नौत, गंगा, बहगुल, रामगंगा, शारदा नहर बहती है ।? (व्यवधान) इस बार जुलाई माह में विभिन्न बांधों से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण जनपद में भीषण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिस कारण काफी लोग अपने घरों से पलायन करने को मजबूर हो गये और उनकी फसल भी नष्ट हो गई ।? (व्यवधान)

मैं सदन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमारे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर में भीषण बाढ़ की आपदा में प्रशासन को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए राहत बचाव कार्य के आदेश दिए ।? (व्यवधान) माननीय मुख्य मंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में हमने प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करते हुए आपदा एवं बाढ़ पीड़ितों को बचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, राहत सामग्री वितरण करने का आदेश दिया ।? (व्यवधान)

मान्यवर, मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद शाहजहांपुर में बाढ़ से हुई क्षति का एक केन्द्रीय टीम से आकलन करवाकर पीड़ितों को तुरन्त केन्द्रीय सहायता एवं आवास उपलब्ध करवाए जाने हेतु निर्देश प्रदान करने की कृपा करें ।? (व्यवधान) बहुत-बहुत धन्यवाद ।